# *प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद*

***श्री हेमराज मीना, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद*** के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक 05.09.2023 को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयी।

***1-कच्ची शराब के साथ 01 गिरफ्तार थाना कांठ-***

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अवैध/अपमिश्रित कच्ची शराब के निर्माण/बिक्री की रोकथाम एवं संलिप्त अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 05.09.2023 को उ0नि0 धर्मेन्द्र पंवार थाना कांठ द्वारा हमराही पुलिस बल की मदद से अभियुक्त अमरीक उर्फ मिक्के पुत्र दलीप सिंह निवासी ग्राम रामसराय थाना कांठ जिला मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से 10 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई । इस सम्बन्ध में उपरोक्त अभियुक्त के विरुद्ध थाना कांठ पर मु0अ0स0- 312/2023 धारा 60 आबकारी एक्ट पंजीकृत किया गया।




***2-थाना पाकबड़ा पुलिस द्वारा वाहन चोरी की घटनाओं का अनावरण कर 01 अभियुक्त को किया गिरफ्तार तथा 01 बाल अपचारी को हिरासत में लेकर माननीय किशोर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। कब्जे से 02 मोटरसाइकिल बरामद ।***

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश एवं इनमें संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी तथा वाहनों की बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 05.09.2023 को थाना पाकबड़ा पुलिस द्वारा चोरी की घटनाओं का अनावरण कर 01 अभियुक्त मोहित सैनी पुत्र राजेन्द्र निवासी चाऊ की बस्ती थाना मझोला मुरादाबाद जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया तथा 01 बाल अपचारी को हिरासत में लेकर माननीय किशोर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। इनके कब्जे से 02

मो0सा0 बरामद की गई  हैं। बरामद दोनों मोटरसाइकिल के सम्बन्ध में थाना पाकबड़ा पर मु0अ0सं0-285/23 धारा 379/411/413/414 भादवि व मुअ0सं0 113/23 धारा 379/411/413/414 भादवि  पंजीकृत है।

***गिरफ्तार अभियुक्त-***

1- मोहित सैनी पुत्र राजेन्द्र निवासी चाऊ की बस्ती थाना मझोला, मुरादाबाद।

2- बाल अपचारी।

***बरामदगी-***

1-एक मोटर साइकिल स्प्लेंडर प्लस

2-एक TVS विक्की (पैंथर) कटी अवस्था में

***गिरफ्तार करने वाले पुलिस टीम थाना पाकबड़ा-***

1-प्रभारी निरीक्षक श्री राजीव कुमार शर्मा

2-उ0नि0 श्री कुलदीप सिहं तोमर

3-उ0नि0 श्री कर्मवीर सिंह तालान

4-का0 रोहित कुमार व का0 संदीप कुमार



**3-दिनांक 01/09/2023 को थाना मझोला क्षेत्र मे हुई हत्या की घटना का मझोला पुलिस द्वारा अनावरण कर हत्या करने के 02 आरोपियो को किया गया गिरफ्तार।**

अवगत कराना है कि दिनांक 01/09/2023 को थाना मझोला क्षेत्रान्तर्गत लोकोशेड मोझ धाम के पास थाना मझोला मुरादाबाद में गौरव पुत्र देवेन्द्र सिंह निवासी राजा की सीकरी थाना फैजगंज बैहटा जिला बदायूँ की हत्या कर दी थी। जिसके सम्बन्ध में श्री अभिषेक सिंह पुत्र श्री अनिल कुमार निवासी गोविन्द नगर सी—ब्लाक निकट शिव मंदिर थाना कटघर जिला मुरादाबाद की तहरीर के आधार थाना मझोला पर मु0अ0सं0 655/2023 धारा 302 भादवि बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया।

उक्त घटना की सूचना पर उच्चाधिकारीगण द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण कर घटना के अनावरण व अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक नगर मुरादाबाद के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी सिविल लाइन्स के पर्यवेक्षण मे थाना मझोला पर पुलिस टीम का गठन किया गया । इसी क्रम मे पुलिस अधीक्षक नगर मुरादाबाद के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी सिविल लाइन्स के कुशल पर्यवेक्षण में विवेचना के दौरान संलग्न साक्ष्यो के आधार पर अभियुक्तगण 1-अमित कुमार उर्फ बाँबी पुत्र पान सिंह निवासी गांव मौहम्मदपुर बाबई थाना बनियाठेर जिला संभल हाल पता गायत्री नगर चक्की वाली गली थाना मझोला जनपद मुरादाबाद 2-सोनू उर्फ जयवीर पुत्र बाबूराम निवासी गांव मिलक बेगमपुर थाना कांठ जिला मुरादाबाद हाल निवासी हनुमाननगर पुलिया के पास थाना मझोला जनपद मुरादाबाद 3-कुसुम पत्नी अमित कुमार उर्फ बाँबी निवासी निवासी गांव मौहम्मदपुर बाबई थाना बनियाठेर जिला संभल हाल पता गायत्री नगर चक्की वाली गली थाना मझोला जनपद मुरादाबाद के नाम प्रकाश में आये। आज दिनांक 05/09/2023 को थाना मझोला पुलिस ने मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्त 1-अमित कुमार उर्फ बाँबी पुत्र पान सिंह निवासी गांव मौहम्मदपुर बाबई थाना बनियाठेर जिला संभल हाल पता गायत्री नगर चक्की वाली गली थाना मझोला जनपद मुरादाबाद उम्र करीब 41 वर्ष 2-सोनू उर्फ जयवीर पुत्र बाबूराम निवासी गांव मिलक बेगमपुर थाना कांठ जिला मुरादाबाद हाल निवासी हनुमाननगर पुलिया के पास थाना मझोला जनपद मुरादाबाद उम्र करीब 28 वर्ष को गिरफ्तार किया गया जिनके कब्जे से मृतक के शव को छिपाने में प्रयुक्त ई रिक्शा व अभियुक्त अमित का मोबाईल फोन बरामद किये गये है। विवेचना के दौरान साक्ष्यो के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 34 / 201 भादवि की बढोत्तरी की गई।

**पूछताछ विवरण**

अभियुक्तगण द्वारा पूछताछ के दौरान बताया गया कि मृतक गौरव उपरोक्त व अमित कुमार उर्फ बाँबी दोनो मित्र थे तथा ड्राईवर भी हैं जिनका एक दूसरे के घर आना जाना था कुछ समय पहले मृतक गौरव के पुत्र का जन्मदिन था, जन्मदिन में अमित कुमार उर्फ बाँबी गौरव के घर पर गया था जहाँ पर अमित कुमार उर्फ बाँबी द्वारा अधिक शराब पीकर बत्तमीजी की गई जिस कारण गौरव उपरोक्त द्वारा अमित को अपने घर से भगा दिया था जिस कारण अमित कुमार उपरोक्त को अपनी बेईज्जती महसूस हुई थी। उसी समय अमित कुमार उपरोक्त ने गौरव से अपनी बेईज्जती का बदला लेने की ठांन ली। दिनांक 31/08/2023 को अमित कुमार उपरोक्त द्वारा गौरव को अपने घर बुलाया तथा कहा कि अब तो तुम्हारी पत्नी मायके गयी है आज खूब शराब पीकर मजे करेंगे तथा दोनो ने मिलकर शराब पी जब गौरव को खूब नशा हो गया तब मौका पाकर अमित कुमार उर्फ बाँबी ने अपनी पत्नी कुसुम के साथ मिलकर गौरव उपरोक्त की गला दबाकर हत्या कर दी। हत्या के पश्चात अमित व कुसुम ने ई रिक्शा चालक सोनू उर्फ जयवीर पुत्र बाबूराम निवासी गांव मिलक बेगमपुर थाना कांठ जिला मुरादाबाद हाल निवासी हनुमाननगर पुलिया के पास थाना मझोला जनपद मुरादाबाद के साथ मिलकर मृतक के शव को सोनू उर्फ जयवीर के ई-रिक्शा रजि0 न0 UP21 DT 0406 से ले जाकर लोकोशेड मोक्ष धाम के पास झाडियो में छिपा गया था तथा तीनो घर से फरार हो गये थे।

**गिरफ्तार अभियुक्तः-**

1—अमित कुमार उर्फ बाँबी पुत्र पान सिंह निवासी गांव मौहम्मदपुर बाबई थाना बनियाठेर जिला संभल हाल पता गायत्री नगर चक्की वाली गली थाना मझोला जनपद मुरादाबाद उम्र करीब 41 वर्ष

2—सोनू उर्फ जयवीर पुत्र बाबूराम निवासी गांव मिलक बेगमपुर थाना कांठ जिला मुरादाबाद हाल निवासी हनुमाननगर पुलिया के पास थाना मझोला जनपद मुरादाबाद उम्र करीब 28 वर्ष

**आपराधिक इतिहास –**

1—अमित कुमार उर्फ बाँबी पुत्र पान सिंह निवासी गांव मौहम्मदपुर बाबई थाना बनियाठेर जिला संभल हाल पता गायत्री नगर चक्की वाली गली थाना मझोला जनपद मुरादाबाद

1--मु0अ0सं0 --933/2019 धारा 354/356 भादवि थाना मझोला जनपद मुरादाबाद

2-- मु0अ0सं0 – 655/2023 धारा 302/201/34 भादवि थाना मझोला जनपद मुरादाबाद

2—सोनू उर्फ जयवीर पुत्र बाबूराम निवासी गांव मिलक बेगमपुर थाना कांठ जिला मुरादाबाद हाल निवासी हनुमाननगर पुलिया के पास थाना मझोला जनपद मुरादाबाद

1-मु0अ0स0 596/2018 धारा 498ए/323/377/504/506/511 भादवि

2-मु0अ0सं0 – 655/2023 धारा 302/201/34 भादवि थाना मझोला जनपद मुरादाबाद

**बरामदगी—**

1-ई –रिक्शा

2-एक मोबाईल (की- पैड)

**गिरफ्तार करने वाली टीम-**

1-प्रभारी निरीक्षक श्री मोहित कुमार चौधरी थाना मझोला, मुरादाबाद।

2-उ0नि0 श्री देवेन्द्र सिंह थाना मझोला, मुरादाबाद।

3-उ0नि0 श्री मदन कुमार थाना मझोला मुरादाबाद।

4-हे0का0 अनिल कुमार सर्विलांस सैल मुरादाबाद

5-का0 अंकित व का0 अमित कुमार थाना मझोला मुरादाबाद।

